चन्द्रमा के प्रकाश के साथ आगे बढ़ें

१ मार्च, २०१९

आत्मीय पाठकगण,

जब मैं यह सोचती हूँ कि आपने पिछले माह प्रेम को अपनी प्राथमिकता किस प्रकार बनाया होगा तो मेरा ध्यान 'मधुर सरप्राइज़ २०१९' के उस क्षण पर जाता है, जब श्रीगुरुमाई ने उपहारस्वरूप हम सभी को हल्के गुलाबी-नारंगी मिश्रित रंग का एक अत्यन्त सुन्दर गुलाब दिया था। मैं यह समझ पा रही हूँ कि जैसे-जैसे हम श्रीगुरुमाई के इस वर्ष के सन्देश का अध्ययन कर रहे हैं, उसका अभ्यास कर रहे हैं, उसे आत्मसात् कर रहे हैं और उसका परिपालन कर रहे हैं, वैसे-वैसे हम इस वर्ष के प्रत्येक दिन, प्रत्येक सप्ताह, प्रत्येक माह को एक सुगन्धित गुलाब की तरह बना रहे हैं और साथ मिलकर ये सभी गुलाब बेहद ख़ूबसूरत हार की रचना कर रहे हैं।

सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर आपके लिए द्वार खुला है, आप श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश के प्रति अपनी समझ को और विकसित कर सकते हैं और अपने जीवन में सन्देश को लागू कर सकते हैं। इस माह नियमित रूप से वेबसाइट देखने के दौरान, आप पाएँगे :

- ईशा सरदेसाई द्वारा नई 'कहानियाँ', जो आपको एक माध्यम उपलब्ध कराएँगी जिसके द्वारा आप श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश के बारे में और अधिक सीख सकते हैं
- मन और 'मधुर सरप्राइज़ २०१९' की अन्य विषय-वस्तुओं पर शास्त्रों से उद्धरण और उन पर व्याख्याएँ
- भारत के सन्त-कवियों द्वारा रचित 'भजन', 'अभंग' और दोहों का एक संकलन
- 'गायत्री मन्त्र पर व्याख्या' जो यह समझाती है कि किस तरह गायत्री मन्त्र का पाठ करने से हम उन देवी या देवता का आवाहन करते हैं जिन्हें वह मन्त्र समर्पित है। श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश का अध्ययन करने के एक साधन के रूप में, इस वर्ष अब तक आपने भगवान कृष्ण व महासरस्वती को समर्पित गायत्री मन्त्रों को सुना है, उनका पाठ किया है व उन पर ध्यान किया है।
- 'श्रीगुरुमाई के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका' से 'अभ्यास-पत्र ६ से ९ तक'

- इस माह के लिए 'ध्यान-सत्र,' जिसका शीर्षक है, *'Take Hold of the Reins of the Mind'* जो पहले सीधे ऑडिओ प्रसारण द्वारा और फिर वेबकास्ट द्वारा उपलब्ध होगा
- 'मधुर सरप्राइज़ २०१९' के लिए 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' {Multiple Participation Packages}। 'मधुर सरप्राइज़' में बार-बार भाग लेने से, आपको अपने मन के साथ कार्य करने के अपने तरीक़े को परिष्कृत करने में, अपने श्वास के आलोक को पुनः खोजने में और अपनी साधना को पुनर्नवीन करने में मदद मिलेगी।

सिद्धयोग पथ पर मार्च, महोत्सवों का माह है। सबसे पहला महोत्सव है, महाशिवरात्रि यानी भगवान शिव की महान रात्रि जो ४ मार्च को है। आप इस महोत्सव के बारे अधिक जानकारी इन वेबपृष्ठों पर प्राप्त कर सकते हैं :

- Images of the crescent Mahashivaratri moon, विश्वभर से प्राप्त महाशिवरात्रि चन्द्र की तस्वीरें जो आप सभी भेजते हैं। यह एक सुन्दर परम्परा है जिसे श्रीगुरुमाई ने वर्ष २०१५ में स्थापित किया था ताकि सभी लोग भगवान शिव के चन्द्र के दर्शन कर सकें जो पृथ्वी की परिक्रमा लगा रहा है।
- 'महाशिवरात्रि' के महत्त्व के बारे में कहानियाँ
- भगवान शिव की स्तुति में 'शास्त्रों से उद्धरण और स्तोत्र।'

साथ ही इस माह, वसन्त ऋतु के उपलक्ष्य में भारत में लोग रंगों का आनन्दपूर्ण उत्सव, होली मनाएँगे। होली का दो दिवसीय त्यौहार पूर्णिमा के दिन आरम्भ होता है और अगले दिन पूरे जोश और उल्लास के साथ समाप्त होता है। इस वर्ष यह उत्सव २० मार्च को है।

इस पत्र का समापन मैं आप सभी को अपनी शुभकामना देकर करना चाहूँगी जो मार्च के इस माह में आप सभी के लिए है। और वह है, उस गहन मौन के साथ आगे बढ़ें जो महाशिवरात्रि का स्मरण करने से आपके मन में उदित होता है; उस ख़ुशी और विनोदप्रियता के साथ आगे बढ़ें, जिसे होली का उत्सव अपने साथ लाता है; और उत्साह, दृढ़-संकल्प और अनन्त सम्भावना के उस भाव के साथ आगे बढ़ें जो आपको तब महसूस हुआ था, जब आपने पहली बार श्रीगुरुमाई का वर्ष २०१९ का सन्देश प्राप्त किया था—और प्रत्येक बार आप उसमें एक नयापन महसूस करते हैं, जब आप 'मधुर सरप्राइज़' में भाग लेते हैं।

अगली मुलाक़ात अगले महीने। हृदय को भक्ति से प्रदीप्त रखें।

हृदय की अपनी ही रीति होती है, उसे सीखते रहें।

आदर सहित,

गरिमा बोरवणकर

© २०१९ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।